ई–मूल/समयबद्ध–आवश्यक

संख्या–5/185–शा0/292/भूजल सप्ताह/14

प्रेषक,

निदेशक,
स्थानीय निकाय,उ0प्र0,
8वां तल इन्दिरा भवन,
लखनऊ।

सेवामें,

1.समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।

2.समस्त महाप्रबंधक, जल संस्थान, उ0प्र0।

3.महाप्रबंधक, डिवीजनल जल संस्थान, झांसी एवं बांदा।

4.अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषदों/ नगर पंचायतें, उत्तर प्रदेश–द्वारा जिलाधिकारी।

लखनऊः दिनांक 11 जुलाई,2014

विषयः प्रदेश में दिनांक 16 से 22 जुलाई,2014 तक "भूजल सप्ताह" का आयोजन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या–1672/9–8–2014–68ज/2014, दिनांक 04जुलाई,2014 द्वारा शासन के लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग–1 के पत्र संख्या–880/62–1–2014–830/98, दिनांक 25–06–2014 की छायाप्रति प्रेषित करते हुए उक्त पत्र में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः अनुरोध है कि शासन के लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग–1 के पत्र संख्या–880/62–1–2014–830/98, दिनांक 25–06–2014 निदेशालय की बेवसाइड **www.localbodies.up.nic.in** पर उपलब्ध हैं जिसे डाउनलोड कर प्राप्त करके विषयगत प्रकरण में शासन के पत्र दिनांक 25–06–2014 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में **दिनांक 16 से 22 जुलाई,2014 तक** अपने नगर निगम/ जल संस्थान/ नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में अनिवार्य रूप से **"भूजल सप्ताह"** का आयोजन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(पी0 के0 सिंह)
निदेशक।

संख्या एवं दिनांकःतदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त मण्डलायुक्त,उ0प्र0।
2– समस्त जिलाधिकारी,उ0प्र0।
3– उप सचिव,उ0प्र0शासन,नगर विकास अनुभाग–8, लखनऊ को पत्र संख्या–1672/9–8–2014–68ज/2014, दिनांक 04जुलाई,2014 के संदर्भ में।
4– प्रबंध निदेशक,उ0प्र0जल निगम, 6 राणा प्रताप मार्ग,लखनऊ।
5– श्री आर0सी0लखचौरा, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, स्थानीय निकाय निदेशालय को निदेशालय की बेवसाइट पर उक्त शासनादेश दिनांक 25–06–2014 सहित अपलोड करने हेतु।

(पी0 के0 सिंह)
निदेशक।

सं0-1672/98-14

संख्या–880 /62–1–2014–830/98

प्रेषक,

वी0 एन0 गर्ग,
कृषि उत्पादन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।
2– समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश ।
3– समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
4– समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग–1

दिनॉक : लखनऊ : जून 25 2014

विषय– **प्रदेश में दिनांक 16 से 22 जुलाई, 2014 तक "भूजल सप्ताह" का आयोजन किया जाना।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत हैं कि प्रदेश में भूजल की सुरक्षा, नियोजित विकास, संरक्षण एवं उसके विवेकयुक्त उपयोग तथा विनियमित दोहन हेतु जन–जागरूकता सृजित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष दिनांक 16 से 22 जुलाई के मध्य **"भूजल सप्ताह"** के आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के स्तर से निर्गत शासनादेश संख्याः–732/62–1–2012–830/98, दिनांक 05 जून, 2012 में सम्पूर्ण प्रदेश में भूजल जन–जागरूकता के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष उक्त अवधि में **'भूजल सप्ताह'** को वृहद स्तर पर राज्य, मण्डल, जनपद, तहसील एवं विकासखण्ड स्तर तक आयोजित किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये हैं, जिसमें सभी विभागों के सहयोग एवं सहभागिता के साथ–साथ विशेष रूप से स्थानीय स्कूल, कालेज तथा शैक्षिक संस्थानों आदि की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने पर बल दिया गया है। इस कार्यक्रम के सफलता–पूर्वक आयोजन में मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारियों की भी विशेष भूमिका है।

2– उपरोक्त के क्रम में गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी सम्पूर्ण प्रदेश में राज्य, मण्डल, जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड स्तर तक दिनांक 16 से 22 जुलाई, 2014 के मध्य "भूजल सप्ताह" वृहद स्तर पर मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी विभागों, अर्द्धसरकारी संस्थाओं/निगमों तथा अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि शासनादेश दिनांक 05 जून, 2012 के प्रस्तर–4 व 5 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार तैयारियाँ तत्काल आरम्भ कर दी जायं तथा प्रदेश भर में भूजल सप्ताह का आयोजन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराया जाय। इस वर्ष का मुख्य विचार बिन्दु **"भूजल को समझें–भूजल को सुरक्षित रखें"** (Understand Ground Water Protect Ground Water) रखा गया है, जिस पर उक्त आयोजन केन्द्रित रहेगा।

(अनीता सी0 मेश्राम)
सचिव
विकास, नगरीय रोजगार एवं
गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

क्रमशः–2

3— उक्त के परिपेक्ष्य में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भूगर्भ जल विभाग द्वारा एक राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन भी किया जायेगा, जिसके सफलता–पूर्वक सम्पादन हेतु सम्बन्धित समस्त विभाग अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

भवदीय,

(वी0 एन0 गर्ग)
कृषि उत्पादन आयुक्त।

संख्या : 880 / 62–1–2014–तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1— निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0।
2— स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3— स्टाफ आफीसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4— स्टाफ आफीसर, औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
5— निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

आज्ञा से,

(डा0 सूर्य प्रताप सिंह)
प्रमुख सचिव।